3 राजस्थान पत्रिका
नागौर, शुक्रवार, 04 मार्च, 2022

उद्यमिता कौशल को लेकर किया मार्गदर्शन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

नागौर. मिर्धा कॉलेज में कार्यशाला को संबोधित करते व्याख्याता।

नागौर. बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को राजस्थान सरकार की उद्यमशीलता से संबंधित महत्वाकांक्षी योजना आईस्टार्ट के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजस्थान सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल विकसित करने एवं नवाचार को बढावा देने के लिए इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके अन्तर्गत नए स्टार्टअप की शुरुआत करने के संदर्भ में तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग करने के साथ ही मेंटर द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिए बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय में डॉ. हेमाराम् धुंधवाल एवं प्रो. अविनाश व्यास के नेतृत्व में एक इनक्यूबेशन सेल बनाई गई है, जहां नए स्टार्टअप के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्राचार्य डॉ. शंकरलाल जाखड़ ने स्थानीय क्षेत्र के विभिन्न सफल उद्यमियों के उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

डॉ. धुंधवाल ने पीपीटी के माध्यम से सम्पूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा बताया कि विद्यार्थी istart. Rajasthan. gov. in वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन एवं अन्य संबंधित सम्पूर्ण जानकरी प्राप्त कर सकते हैं। प्रो. अविनाश व्यास ने सभी विद्यार्थियों को शीघ्रता से रजिस्ट्रेशन करके अपना प्रपोजल शीघ्र ही सबमिट करने के बारे में बताया। कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. हरसुख राम छरंग, डॉ. रणजीत पूनिया, डॉ. पूर्णिमा कत्यल, डॉ. प्रकाश नारायण, प्रो. पूर्णिमा झा, प्रो. बी.पी. नवल, प्रो. के.आर. महला, प्रो. जगदीश राम, प्रो. ए.के. जांगिड़, प्रो. विनीता मिर्धा, प्रो. शिम्भुराम चोटिया सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।